# नववर्ष दिवस सूर्योदय गैलरी २०१९

उदित होता सूर्य, रात्रि के अन्धकार को दूर कर, जागृत होती सृष्टि में ताजगी भरी नई स्पष्टता लाता है। सूर्य स्व-प्रकाशमय, सनातन और नित-नवीन है। सिद्धयोग परम्परा में, नववर्ष के प्रथम मंगलमय सूर्योदय का स्वागत करना हम सभी के अन्तर में स्थित, चिति के प्रकाश की जागृति का आवाहन करता है।

वर्ष २०१९ का स्वागत सिद्धयोगी, नववर्ष दिवस की सूर्योदय गैलरी में, पूरे ग्रह से इस मंगलमय दिन के सूर्य की प्रथम किरणों के चित्र [छवियाँ] भेजकर करते हैं। जैसे कि ये सारी छवियाँ उसी एक सूर्य को दर्शाती हैं, हम यह पहचान सकते हैं कि चिति का वही एक प्रकाश, हम सबके हृदय से चमचमाता है, हम सभी को एक कर रहा है।

नववर्ष दिवस की सूर्योदय गैलरी की प्रेरणा, जनवरी २०१३ के पहले दिन मिली थी। उस सुबह श्री मुक्तानन्द आश्रम में, श्रीगुरुमाई ने ‘मधुर सरप्राइज़’ के प्रतिभागियों को यह बताया कि कैसे वे वर्ष के प्रथम सूर्योदय को देखने बाहर गई थीं और उन्होंने आकाश को घने बादलों से ढँका हुआ पाया। यह देखकर, श्रीगुरुमाई ने भविष्य में, सार्वभौमिक सिद्धयोग संघम् को नववर्ष के सूर्य की छवियाँ भेजते हुए कल्पना की, ताकि सभी उसका आनन्द ले सकें। एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन ने गुरुमाई जी की इच्छा को सभी को बताया और सिद्धयोगी व नए जिज्ञासुओं को अपने नववर्ष दिवस के सूर्योदय की छवियों को वेबसाइट गैलरी में भेजने के लिए आमन्त्रित किया।

उस वर्ष और उसके बाद से प्रतिवर्ष, संसार के सभी सिद्धयोगियों ने खुशी-खुशी इस वार्षिक आमन्त्रण का प्रतिउत्तर दिया है। जिसके अन्तर्गत उन्होंने सूर्योदय की अपनी छवियाँ, श्रीगुरुमाई के साथ और एक-दूसरे को बताते हुए, नववर्ष दिवस की सूर्योदय गैलरी में भेजी हैं।

© २०१९ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।